# लोक शिक्षण संचालनालय
## गौतम नगर भोपाल,मध्यप्रदेश

ई–मेल dpividhya@gmail.com दूरभाष 0755–2583650

क्र. / अकादमिक / सी / 2025/2184 भोपाल, दिनांक 11/11/25

प्रति,

1. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण मध्यप्रदेश।
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, मध्यप्रदेश।

विषयः– मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत सत्र 2025–26 की एमएसडब्ल्यू और बीएसडब्ल्यू (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत् विकास) की संपर्क कक्षाओं के संचालन हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में।

संदर्भः– मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, से प्राप्त एकल नस्ती क्रमांक / 75 दिनांक 09.10.2025।

——000——

संदर्भित एकल नस्ती अनुसार जन अभियान परिषद मध्यप्रदेश द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित जिला / विकास खंड उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालयों में पाठ्यक्रम संचालन हेतु अध्ययन केन्द्र बनाये जाने की अनुमति चाही गई है। ये कक्षायें कक्षायें केवल रविवार को ही संचालित की जायेंगी। अध्ययन केन्द्र प्रभारी प्राचार्य के माध्यम से रविवार को कक्षा संचालन की आवश्यक व्यवस्था हेतु एक प्रभारी व्यक्ति का तथा पेयजल व्यवस्था, साफ–सफाई व अन्य कार्यों के लिए एक भृत्य का नामांकन कराया जावेगा। इन व्यक्तियों का मानदेय का भुगतान म.प्र. जन अभियान परिषद् द्वारा किया जावेगा।

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र के रूप में मान्यता दी जावेगी। विद्यालय के प्राचार्य को पाठ्क्रम हेतु अध्ययन केन्द्र प्रभारी घोषित किया जावेगा।

अतः उक्त पाठ्क्रम की कक्षाओं के शैक्षणिक सत्र 2025–26 की कक्षाओं के संचालन हेतु विद्यालय के भवन में कक्ष एवं अन्य आवश्यक संसाधन यथा पुस्तकालय, स्मार्ट क्लासरूम, साइकिल स्टैंड, महिला–पुरूष प्रसाधन आदि को उपलब्ध कराने हेतु अनुमति दी जाती है।

(डी.एस.कुशवाह)
संचालक
लोक शिक्षण मध्यप्रदेश

पृ.क्र. / अकादमिक / सी / 2025/2185 भोपाल, दिनांक 11/11/25

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय, वल्लभ भवन भोपाल, म.प्र.।
2. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल।
3. उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन आदिम जाति कार्य विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल म.प्र.।
4. कार्यपालक निदेशक, म.प्र. जन अभियान परिषद्, 35, राजीव गांधी भवन, श्यामला हिल्स रोड, भोपाल, मध्य प्रदेश 462002 भोपाल।
5. ओ.एस.डी. उच्च शिक्षा विभाग, सतपुडा भवन भोपाल म.प्र.।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

संचालक
लोक शिक्षण मध्यप्रदेश